INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 **3rd Lang.**	**Department: Hindi**	**Date:** चित्र वर्णन, अनुच्छेद
रचनात्मक कार्य	**Topic :** लेखन कौशल	**Note: Pl, Write in the Notebook**

चित्र वर्णन

यह समुद्र तट का चित्र है| तीन बच्चे समुद्र के पानी में खेल रहे हैं| वे बहुत खुश हैं| दो बच्चे रेत में घर बना रहे है| आसमान में बादल है और धीरे-धीरे बरसात हो रही है| समुद्र के पानी में एक बड़ा जहाज़ है जो सामान ले कर जा रहा है| समुद्र के किनारे दो पेड़ हैं जिसमे नारियल लगे हुए है| यहाँ का मौसम सुहावना है| मुझे भी समुद्र तट पर जाना पसंद है|

●●●●●●●●●●●●●●●

अनुच्छेद - बरसात का मौसम

हमारे देश में कई मौसम हैं| उन सब में से मेरा पसंदीदा मौसम बरसात का मौसम हैं| यह मौसम जून से सितंबर तक रहता है| बरसात का मौसम बहुत सुहावना होता है। इस मौसम में आसमान में काले-काले बादल छाए रहते हैं| गर्मी के बाद जब बारिश होती है तो ठंडक मिलती है और सबका मन खुश हो जाता हैं| इस मौसम में पेड़-पौधे हरे-भरे हो जाते हैं और चारों तरफ़ हरियाली छा जाती हैं। बच्चे बारिश में खेलकर खुश होते हैं। बारिश से तालाब और नदियाँ पानी से भर जाते हैं। हवा ठंडी हो जाती है। बरसात के बाद इंद्रधनुष दिखाई देता है। लोग चाय और पकौड़े का आनंद लेते हैं। यह मौसम सबके जीवन में खुशी लेकर आता है।